# दैनिक प्रेस विज्ञप्ति - 20 जून 2021

## छत्तीसगढ़ में आज 27 हजार 993 सैम्पलों की हुई जांच
## प्रदेश की औसत पॉजिटिविटी दर 1.2 प्रतिशत

- प्रदेश में पॉजिटिविटी दर लगातार घट रही है। आज 20 जून को प्रदेश में पॉजिटिविटी दर 1.2 प्रतिशत है। आज प्रदेश भर में हुए 27 हजार 993 सैंपलों की जांच में से 352 व्यक्ति कोरोना संक्रमित पाए गए हैं।

## राज्य में कल से सभी नागरिकों का कोविड-19 टीकाकरण कोविन पोर्टल से होगा
## प्रदेश में 21 लाख 33 हजार से अधिक वैक्सीन डोज उपलब्ध
## केन्द्रों में ऑन साइट पंजीयन भी होगा

- राज्य में 18 वर्ष की आयु से अधिक सभी लोगों का कल से कोविड-19 टीकाकरण, कोविन पोर्टल से होगा, क्योंकि भारत सरकार द्वारा सभी वर्गों के लिए कोविड-19 टीका निःशुल्क दिया जा रहा है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने भारत सरकार से प्राप्त गाईडलाइन के अनुसार तैयारी कर ली है। राज्य में अब आयु वर्ग के अनुसार अलग-अलग टीकाकरण केन्द्र नही होंगे। 18 वर्ष की आयु से अधिक के सभी उम्र के लोग, अपनी सुविधानुसार कोविन पोर्टल से पंजीयन करा सकते हैं या टीकाकरण केन्द्र में जाकर भी पंजीयन करा सकते हैं।

- स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान में राज्य में कोविड 19 वैक्सीन पर्याप्त मात्रा में है। 20 जून सुबह तक की स्थिति में विभाग के पास भारत सरकार से प्राप्त वैक्सीन 19 लाख 58 हजार 690 डोज है और राज्य सरकार द्वारा खरीदी गई वैक्सीन 1 लाख 75 हजार 309, कुल 21 लाख 33 हजार 999 डोज उपलब्ध है।
- स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं कि चूंकि 21 जून से भारत सरकार द्वारा निःशुल्क टीका दिया जा रहा है इसलिए राज्य में पृथक से टीकाकरण पोर्टल संचालित करने की आवश्यकता नही रहेगी। सभी आयु वर्गो का टीकाकरण कोविन पोर्टल के माध्यम से ही होगा। जिन व्यक्तियों के पास इंटरनेट और मोबाइल की सुविधा नही है उन्हे ऑन साइट पंजीयन या चाइस सेंटर के माध्यम से पंजीयन कराने की सुविधा देने के निर्देश कलेक्टरों को दिए गए हैं ताकि सभी वर्गो का आसानी से टीकाकरण हो सके।

## आज दिनांक 20 जून 2021 तक राज्य में 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के कुल 12,00,410 लाभार्थियों का टीकाकरण कर लिया गया है

- प्रदेश में 18 से 44 वर्ष आयु समूह का टीकाकरण किया जा रहा है। रात्रि 9 बजे तक इस आयु वर्ग में कुल 40152 लोगों का टीकाकरण किया गया। इनमें से अंत्योदय के 2772, बीपीएल के 21421, एपीएल के 15805, फ्रंटलाइन वर्कर के 154 हितग्राहियों को टीका लगाया गया।

# कोविड–19 की स्थिति (रात्रि 08:00 बजे तक)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | पॉजिटिव प्रकरण | आज | 352 |
| | | कुल | 990675 |
| 2 | अस्पताल से डिस्चार्ज | आज | 115 |
| | | कुल* | 164459 |
| 3 | होम आईसोलेशन से डिस्चार्ज | आज | 566 |
| | | कुल* | 803637 |
| 4 | कुल डिस्चार्ज (अस्पताल + होम आईसोलेशन) | आज | 681 |
| | | कुल | 968096 |
| 5 | वर्तमान में कुल सक्रिय | 9192 | |
| 6 | आज हुई मृत्यु कुल – 10 | कोविड–19 | 03 |
| | | को–मॉर्बिडिटी के साथ | 07 |

* पूर्व तिथि में हुए डिस्चार्ज की एन्ट्री अद्यतन होने से आज डिस्जार्च की कुल संख्या में वृद्धि हुई है।

उपरोक्त सारणी के संबंध में जिलेवार संख्यात्मक विवरण पृष्ठ क्रमांक 02 पर उपलब्ध है।

## टेस्टिंग की स्थिति

**आज हुए कुल टेस्ट की संख्या 27,993**

← मास्क पहनें, 2-गज की दूरी अपनाएं, साबुन से हाथ धोएं →

# छत्तीसगढ़ में COVID-19 की जिलेवार स्थिति दिनांक 20-06-2021

| क्र. | जिला | POSITIVE | | DISCHARGE (HOSPITAL) | | HOME ISOLATION COMPLETED | | TOTAL RECOVRED (DISCHARGE + HOME ISOLATION) | TOTAL ACTIVE CASES | DEATHS | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | TODAY | TOTAL | TODAY | TOTAL | TODAY | TOTAL | | | TODAY | TOTAL |
| 1 | दुर्ग | 15 | 96036 | 7 | 14298 | 15 | 79719 | 94017 | 232 | | 1787 |
| 2 | राजनांदगांव | 3 | 55869 | 2 | 12613 | 8 | 42615 | 55228 | 130 | 1 | 511 |
| 3 | बालोद | 7 | 27041 | 5 | 9157 | 9 | 17317 | 26474 | 175 | 1 | 392 |
| 4 | बेमेतरा | 6 | 19798 | 1 | 3260 | 0 | 16111 | 19371 | 194 | | 233 |
| 5 | कबीरधाम | 1 | 22695 | 0 | 2302 | 14 | 19976 | 22278 | 150 | | 267 |
| 6 | रायपुर | 17 | 157004 | 1 | 30436 | 80 | 123017 | 153453 | 426 | 1 | 3125 |
| 7 | धमतरी | 17 | 26799 | 0 | 2654 | 1 | 23275 | 25929 | 338 | 1 | 532 |
| 8 | बलौदाबाज़ार | 22 | 42503 | 0 | 8824 | 8 | 32770 | 41594 | 446 | | 463 |
| 9 | महासमुंद | 5 | 31073 | 0 | 3986 | 22 | 26549 | 30535 | 181 | | 357 |
| 10 | गरियाबंद | 3 | 19489 | 0 | 3514 | 0 | 15497 | 19011 | 288 | | 190 |
| 11 | बिलासपुर | 6 | 64981 | 0 | 7316 | 13 | 56320 | 63636 | 144 | | 1201 |
| 12 | रायगढ | 16 | 61974 | 2 | 12425 | 27 | 48114 | 60539 | 464 | 2 | 971 |
| 13 | कोरबा | 25 | 54149 | 3 | 4846 | 21 | 48318 | 53164 | 415 | 3 | 570 |
| 14 | जांजगीर-चांपा | 17 | 56431 | 3 | 7914 | 25 | 47265 | 55179 | 452 | | 800 |
| 15 | मुंगेली | 1 | 23778 | 0 | 968 | 0 | 22404 | 23372 | 240 | | 166 |
| 16 | गौरेला-पेंड्रा-मरवाही | 4 | 11903 | 0 | 779 | 3 | 10730 | 11509 | 251 | | 143 |
| 17 | सरगुजा | 17 | 33219 | 0 | 4110 | 58 | 28390 | 32500 | 478 | | 241 |
| 18 | कोरिया | 13 | 26541 | 3 | 1721 | 0 | 24279 | 26000 | 370 | | 171 |
| 19 | सूरजपुर | 11 | 28738 | 0 | 2043 | 32 | 26034 | 28077 | 440 | | 221 |
| 20 | बलरामपुर | 11 | 20004 | 0 | 1480 | 41 | 18028 | 19508 | 381 | | 115 |
| 21 | जशपुर | 18 | 26209 | 1 | 4869 | 0 | 20704 | 25573 | 431 | | 205 |
| 22 | बस्तर | 23 | 19979 | 71 | 4834 | 40 | 14231 | 19065 | 728 | | 186 |
| 23 | कोंडागांव | 7 | 12682 | 6 | 1749 | 22 | 10634 | 12383 | 203 | | 96 |
| 24 | दंतेवाडा | 20 | 10250 | 2 | 4339 | 22 | 5613 | 9952 | 275 | | 23 |
| 25 | सुकमा | 25 | 6908 | 0 | 3919 | 26 | 2573 | 6492 | 401 | | 15 |
| 26 | कांकेर | 6 | 23022 | 1 | 3460 | 19 | 19177 | 22637 | 167 | 1 | 218 |
| 27 | नारायणपुर | 7 | 3795 | 2 | 2953 | 0 | 700 | 3653 | 130 | | 12 |
| 28 | बीजापुर | 27 | 7097 | 0 | 3124 | 60 | 3277 | 6401 | 651 | | 45 |
| 0 | अन्य राज्य | 2 | 708 | 5 | 566 | 0 | 0 | 566 | 11 | | 131 |
| महायोग | | 352 | 990675 | 115 | 164459 | 566 | 803637 | 968096 | 9192 | 10 | 13387 |

कोविड से संक्रमित व्यक्तियों के स्थाई निवास अनुसार प्रविष्टि किये जाने के फलस्वरूप, जिलेवार दर्ज कोविड मरीजों की संख्या में अंतर संभावित है।

मीडिया प्रभारी
राज्य कन्ट्रोल एण्ड कमांड सेंटर
(COVID19)



← मास्क पहनें, 2-गज की दूरी अपनाएं, साबुन से हाथ धोएं →

